# भू-अभयिांत्रकिी

//

# भू-अभियांत्रिकी



भू-अभियांत्रिकी से तात्पर्य ग्लोबल वार्मिंग का सामना करने के लिये पृथ्वी की जलवायु में परिवर्तन करके उसके तापमान को कम करने से है

## भू-अभियांत्रिकी के प्रकार

### कार्बन-डाइऑक्साइड का निष्कासन

| प्रस्तावित प्रौद्योगिकी/विधि | प्रस्तावित प्रभाव/कार्रवाइयाँ | संभावित दुष्प्रभाव | व्यवहार्यता/लागत प्रभावशीलता |
|---|---|---|---|
| भूमि उपयोग प्रबंधन | वनरोपण/पुनर्वनरोपण | न्यूनतम दुष्प्रभाव | उच्च व्यवहार्यता, न्यून लागत |
| कार्बन कैप्चर और भंडारण के साथ जैव-ऊर्जा (BECCS) | बायोमास का संग्रहण और ईंधन के रूप में उपयोग | संभावित भूमि उपयोग संघर्ष | तुलनात्मक रूप से महँगा |
| प्रत्यक्ष $CO_2$ कैप्चर | औद्योगिक प्रक्रिया | न्यूनतम | उच्च तकनीकी व्यवहार्यता |
| महासागरीय निषेचन | शैवाल वृद्धि को बढ़ावा देकर $CO_2$ अवशोषण में वृद्धि | प्रतिकूल दुष्प्रभावों की उच्च संभावना | व्यवहार्य लेकिन लागत अप्रभावी |
| त्वरित अपक्षय | सिलिकेट चट्टानों का चूर्णीकरण | संभावित श्वसन स्वास्थ्य प्रभाव | इसे फसल उत्पादन के साथ जोड़ा जा सकता है, जो बड़े पैमाने पर एक व्यवहार्य विकल्प है |

### सौर विकिरण प्रबंधन

| प्रस्तावित प्रौद्योगिकी/विधि | प्रस्तावित प्रभाव/कार्रवाइयाँ | संभावित दुष्प्रभाव | व्यवहार्यता/लागत प्रभावशीलता |
|---|---|---|---|
| स्ट्रेटोस्फेरिक एरोसोल इंजेक्शन | सूर्य के प्रकाश को अंतरिक्ष में वापस परावर्तित करने हेतु | जल विज्ञान चक्र पर संभावित प्रभाव | संभव और संभावित रूप से अत्यधिक प्रभावी |
| समुद्री मेघों का चमकना (Marine Cloud Brightening) | समुद्री जल एरोसोल के साथ समुद्री मेघों का निर्माण | वर्षा पैटर्न पर संभावित प्रभाव | न्यूनतम से मध्यम लागत और बड़े पैमाने पर व्यवहार्य |
| बाह्य अंतरिक्ष में विशाल विक्षेपक (Giant deflectors in outer space) | पृथ्वी की निकट कक्षा में स्थापित दर्पण | क्षेत्रीय जलवायु प्रभाव | पूंजी-प्रधान और दीर्घावधि योजना |
| सतही एल्बिडो दृष्टिकोण | इमारत की छत को चमकीले सफेद रंग से रंगना, रेगिस्तान परावर्तक स्थापित करना | रेगिस्तानी पारिस्थितिकी तंत्र पर बड़ा प्रभाव | उच्च श्रम और रखरखाव लागत |

### विनियमन

- भू-अभियांत्रिकी पर कोई विशिष्ट अंतर्राष्ट्रीय या भारतीय विनियमन नहीं है।

### भारत के प्रयास

- **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग:**
  - भू-अभियांत्रिकी जलवायु-मॉडलिंग अनुसंधान कार्यक्रम (वर्ष 2013 से संचालित)
- **भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc)**
  - विकासशील देशों के लिये सौर भू-अभियांत्रिकी के निहितार्थों को समझने की पहल की।
  - वैज्ञानिकों ने आर्कटिक समताप मंडल में 20 मिलियन टन सल्फेट एरोसोल इंजेक्ट करने का अनुकरण किया।

Drishti IAS

**और पढ़ें:** भू-अभयिांत्रकिी

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/geo-engineering-1